जे एस पी एल फाउंडेशन ने पेयजल व्यवस्था बहाल करने लगाया सब.मर्सिबल पम्प

रायगढ़@किरणदूत

गांव में सामाजिक उत्तर दायित्व के क्रम में पेयजल व्यवस्था स्वच्छ पानी सुनिश्चित करने जे एस पी एल फाउंडेशन निरंतर प्रयास रत रहती है और इसके लिए जंहा ग्रामों में बोर करना एसब मर्सिबल पम्प एपानी टंकी का निर्माण करती है जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु ग्रामीणों को स्वच्छ पीने का पानी मिल सके। इसी श्रंखला में ग्राम नेतनागर में पेयजल की समस्या से निजात दिलाने सब.मर्सिबल पम्प लगाया गया है। इस पम्प के लगने से अब वंहा के लोगों को पेयजल संकट से निजात मिल सकेगी।

जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा ग्राम नेतनागर में 05 एच पी का सब.मर्सिबल पम्प लगाया गया है। लम्बे समय से सब.मर्सिबल पम्प के राब होने से वंहा के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा था और पीने का



पानी लेने उन्हें दूर तक जाना पड रहा था जिससे सब.मर्सिबल पम्प लगाए जाने से अब उनको अपने अपने घरों के सामने ही पीने के पानी उपलब्ध हो सकेंगे। गौरतलब है की गांव में पहले से पाइप लाइन बिछे होने के कारण पम्प को सब.मर्सिबल पम्प लगाए जाने के बाद सीधे उक्त पाइप लाइन से जोड दिया गया जिससे की पानी सीधे लोगों के घरों के सामने तक पहुँच सके। ग्राम नेतनागर में सब.मर्सिबल पम्प लगाए जाने से गांव के लगभग 500 लोग लाभान्वित होंगे। लम्बे समय से पेयजल में हो रही परेशानियों से पम्प के लगते ही निजात मिल जाने से ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड गई। ग्राम नेतनागर की सरपंच मन्जीत कौर ने सब.मर्सिबल पम्प लगाए जाने पर जे एस पी एल फाउंडेशन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते आगे भी सामुदायिक जरूरतों के प्रति अपेक्षा जताई। उल्लेखनीय है की जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा अधोरचना विकास के क्रम में सडक एनाली एसामुदायिक भवन ए मुक्तिधाम एविद्यालय में बाउंड्रीवाल एभवन एशौचालय व सार्वजनिक शौचालय ए पेयजल व्यवस्था बोर खनन ए पानी टंकी जैसे सामुदायिक कार्यों को गति प्रदान कराती है। गांव के तालाबों को संरक्षण प्रदान करने उनका गहरीकरणए उन्नयन के साथ सौंदर्यीकरण भी किया जाता है जिससे गांव के लोगों को निस्तारीकरण में सुविधा मिल सके। इसके अलावा जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा सयंत्र क्षेत्र के आस पास के सभी ग्रामों में नियमित रूप मोबाइल वैन द्वारा शुद्ध शीतल पेयजल का वितरण भी किया जाता है।